आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 14.07.2024
समय 1830
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से ''अपुणि सरकार पोर्टल'' की ई–सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।
- उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी, अबतक 30 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।
- राज्य सरकार ने आपदा के संबंध में भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में 18 जुलाई तक भारी बारिश व आकाशीय बिजली चमकने की चेतावनी।

अपुणि सरकार पोर्टल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से ''अपुणि सरकार पोर्टल'' के माध्यम से दी जा रही विभिन्न ई–सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। श्री धामी ने आज देहरादून में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान ये अपील की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित समाधान समय से करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को तहसील दिवस और क्षेत्र पंचायत समिति की नियमित बैठकें करने को कहा। श्री धामी ने कहा जिलाधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई करें ताकि लोगों की अधिक से अधिक समस्याओं का निस्तारण हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। अबतक 30 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए हैं। यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। सर्वाधिक 10 लाख 47 हजार से अधिक भक्तों ने केदारनाथ धाम और 8 लाख 58 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ मंदिर की यात्रा की। वहीं, उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उधर, चमोली जिले में स्थित हेमकुण्ड साहिब में 1 लाख 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्रा मार्गों पर जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। ठहराव पड़ावों पर यात्रियों के लिए पानी, शौचालय, विश्राम, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। साथ ही यात्रा मार्गों पर स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है, ताकि तीर्थयात्री प्राकृतिक सुंदरता का लुफ्त उठा सकें। इसके अलावा बारिश और भूस्खलन होने की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रुकवाया जा रहा है।

नीति आयोग

नीति आयोग ने ई–फास्ट इंडिया पहल के अंतर्गत ''नीति गियर शिफ्ट चैलेंज'' शुरू करने की घोषणा की है। इस हैकथॉन का उद्देश्य देश की आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत में कार्बन उत्सर्जन रहित ट्रक वाहनों के संचालन के लिए नवीन व्यवसाय मॉडल को बढ़ावा देना है।

नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक ट्रकों के संचालन में वित्तीय, तकनीकी और परिचालन चुनौतियों का समाधान करने वाले नवीन व्यवसाय मॉडल विकसित करने के लिए छात्रों, परिवहन सेवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को भी आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में ई–फ़ास्ट इंडिया के जाने–माने लोग, वित्तीय संस्थानों और उद्योग मंच के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

''नीति गियरशिफ्ट चैलेंज'' का आयोजन आईआईएम बैंगलोर, स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया, डब्ल्यूआरआई इंडिया और अन्य संस्थानों के सहयोग से किया जा रहा है। नीति आयोग ने कहा कि हैकथॉन दो राउंड में होगा और गियर शिफ्ट चौलेंज भारत में टिकाऊ माल परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सूचना का अधिकार

राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने सूचना का अधिकार अधिनियम यानि आर.टी.आई को सबसे प्रभावशाली कानून बताया है। उन्होंने कहा कि आर.टी.आई का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता, सुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूलों और कॉलेजों में आर.टी.आई के संबंध में पढ़ाया जाना चाहिए ताकि छात्र–छात्राएं इसके महत्व को समझ सकें। सूचना आयुक्त भट्ट ने कहा कि समय–समय पर जन जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन करना जरूरी है जिससे आम जनता को पता चले कि आर.टी.आई अधिनियम के तहत आम आदमी को व्यापक अधिकार दिए गए हैं।

भ्रामक सूचना–कार्रवाई

प्रदेश में आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए थे। आपदा प्रबंधन सचिव ने सभी जिलों को आपदा से संबंधित भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। श्री सुमन ने बताया कि आपदाओं को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों पर दोष सिद्ध होने की दशा में एक साल की जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

बदरीनाथ रावल

बदरीनाथ धाम के नव नियुक्त रावल अमरनाथ नंबूदरी ने आज धार्मिक परंपराओं व पूजा अर्चना के बाद प्रभारी रावल का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को मंदिर समिति ने सम्मान समारोह में विदाई दी। आज सुबह साढ़े आठ बजे प्रभारी रावल ने पंचतीर्थ स्नान कर मंदिर के निकट पंच शिलाओं के दर्शन किये। इस अवसर पर श्री बदरी–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

देहरादून जिलाधिकारी

बरसात के मौसम में विभिन्न रोगों का खतरा बढ़ गया है। खासकर डेंगू के मामले सामने आने लगे हैं। इसको देखते हुए देहरादून जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी सोनिका का कहना है कि बरसात के मौसम में डेंगू का सबसे अधिक खतरा रहता है। इससे बचाव के लिए जनता में जागरूकता और सहयोग की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि समय–समय पर गमलों और कूलर से जमे हुए पानी को साफ करते रहने से डेंगू का लार्वा नहीं पनपता है। इसके अलावा घर–घर जाकर दवाइयों का छिड़काव भी किया जा रहा ळें देहरादून शहर में बारिश के दौरान हो रहे जलभराव की स्थिति से निपटने की बात पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन ने नालियों की लगातार साफ–सफाई की जा रही है।

दुग्ध उत्पादन

नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने आज छह लीटर पॉलीपेक में स्टैंडर्ड फूल क्रीम दूध व आंचल शहद की लॉन्चिंग की। दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों के हित मे पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दुग्ध के दामों में 12 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दुग्ध उत्पादकों को लाभ दिलाया है। उन्होंने कहा कि छह लीटर का पॉलीपेक बाजार में आने से दुग्ध उत्पादकों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए रहे। दोपहर के समय कुछ स्थानों पर धूप खिली रही, जबकि कहीं–कहीं बूंदाबांदी की भी खबर है। राज्य में पिछले दिनों हुई बारिश और भूस्खलन से पर्वतीय अंचल में अवरूद्ध मुख्य और संपर्क मार्गों को खोलने का प्रयास जारी है। राज्य आपतकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार रुद्रप्रयाग में 3, उत्तरकाशी में 1, बागेश्वर में लगभग 10, देहरादून में 3, पिथौरागढ़ में चार, चंपावत व चमोली में 10–10 मोटर मार्ग अवरूद्ध हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज से 18 जुलाई तक राज्य के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना जताई है। विभाग की चेतावनी को देखते हुए लोगों से अनावश्यक यात्रा करने के साथ ही सतर्कता बरतने की सलाह दी गयी है। इसके साथ ही चारधाम तीर्थयात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर की यात्रा शुरू करने और अपने साथ आवश्यक दवाईयां, रेनकोट व गर्म कपड़े रखने की अपील की गयी है।

रोजगार सृजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन–चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में कल भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए सरकार स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दे रही है और एन.डी.ए. के तीसरे कार्यकाल का निवेशकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है।

नई नीति

प्रदेश में निजी कोचिंग सेंटरों के संचालन के लिये राज्य सरकार नई नीति तैयार करेगी। इसके लिये उच्च शिक्षा विभाग व विद्यालयी शिक्षा के अधिकारियों में सैद्धांतिक सहमति बन गई है। जल्द ही हितधारकों के साथ बैठक कर उनसे भी सुझाव ले लिये जायेंगे, ताकि छात्रों और कोचिंग संचालकों के हितों को सुरक्षित किया जा सके।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने बताया कि नई नीति के तहत निजी कोचिंग सेंटरों के पंजीकरण के लिए जिला स्तर पर पंजीकरण प्राधिकारी नामित किया जायेगा। इसके अलावा किसी भी विवाद के समाधान के लिए जिला स्तर पर ही अपीलीय प्राधिकारी का भी गठन होगा।